हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 9 अगस्त 2025

06 रक्षा बंधन त्योहार के चलते बाजार हुए गुलजार...



07 सरंपच-रोजगार सहायक ने ग्रेवल मार्ग ...





## खबर संक्षेप

### अधिकारी की अनुमति उपरांत मुख्यालय छोड़े

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले की सभी जनपदों के सीईओ व उनके अधीनस्थ स्टॉप को मुख्यालय पर निवास करने के निर्देश दिए हैं। विशेष परिस्थितियों में अवकाश की जरुरत होने पर जिला पंचायत सीईओ से लिखित अनुमति लेने के बाद मुख्यालय छोड़ सकेंगे। यदि किसी अधिकारी, कर्मचारी द्वारा बिना स्वीकृति के मुख्यालय छोड़ा जाता है उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### पोर्टल पर किसानों की दर्ज होगी फॉर्मर रजिस्ट्री

**विदिशा।** सारा पोर्टल पर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री दर्ज होगी। फार्मर रजिस्ट्री दर्ज करने का काम जिले भर में चल रहा है। किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ ऑनलाइन दिया जा रहा है। किसान सम्मान निधि तथा खेती से जुड़ी अन्य योजनाओं के अनुदान ऑनलाइन प्राप्त होते हैं। एग्रोस्टेक परियोजना के तहत किसानों को ऑनलाइन लाभ देने के लिए सारा पोर्टल पर फार्मर रजिस्ट्री की जा रही है। एक माह की अवधि में फार्मर रजिस्ट्री का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं।

### स्वतंत्रता दिवस निर्देश गरिमामय मनाएं

**कुरवाई।** स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को गरिमापूर्ण माहौल में मनाने के लिए कुरवाई अनुविभागीय अधिकारी नितिन जैन ने सभी विभागों के प्रमुख अधिकारियों की बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने की। जनपद पंचायत सीईओ आयुष अग्रवाल ने आगामी स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा से विधायक सप्रे को अवगत कराया। विधायक हरि सिंह सप्रे ने सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि हमारा राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस बड़े ही गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया जाए। बैठक में शासकीय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, विधानसभा प्रभारी विनोद जैन, सीएमओ, बीएमओ, बीईओ, बीआरसी, प्राचार्य संदीपनी स्कूल, प्राचार्य शासकीय कॉलजे मौजूद रहे।

### ओलंपस के आद्विक ने जीता गोल्ड मेडल

**विदिशा।** भोपाल में हुए सीबीएसई क्लस्टर 12 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ओलम्पस हाई स्कूल के कक्षा 9 के विद्यार्थी आद्विक सिंघल ने हाई जम्प अंडर 17 के फाइनल में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता।



स्कूल प्राचार्या प्राची रघुवंशी ने बताया कि इस कड़े मुकाबले में जिसमें 50 से भी अधिक स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया था, अद्विक ने 1.53 मीटर ऊँची जम्प लगाई और अपनी मेहनत के बल पर स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय परिवार और अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया। स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने जानकारी दी कि नेशनल प्रतियोगिता 10 सितम्बर से वाराणसी उत्तरप्रदेश में खेली जाएगी। जिसमें अद्विक ओलंपस हाई की ओर से भाग लेगा।

### छात्राएं हुईं पुलिस कार्यप्रणाली से रूबरू

**विदिशा।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय आमखेड़ा सूखा की लगभग 50 छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा थाना नटेरन का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान छात्राओं को थाना परिसर के विभिन्न हिस्सों जैसे कि थाना प्रभारी कक्ष, महिला बंदीगृह, पुरुष बंदीगृह, वितंतु कक्ष, मालखाना एवं विवेचक कक्ष की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। थाना स्टाफ द्वारा छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर देकर उन्हें पुलिस व्यवस्था की बारीकियों से परिचित कराया गया। जिससे उनके अंदर सुरक्षा को लेकर विश्वास और आत्मीयता की भावना जागृत हो सके।

---

### आज से 12 अगस्त तक चलेगा अभियान का दूसरा चरण

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान की तैयारी, तीन चरणों में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

इस साल जिला स्वतंत्रता दिवस का उत्सव स्वच्छता के संग मनाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता नामक एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है, जो 3 चरणों में संचालित होगा।

इस अभियान का उद्देश्य देशभक्ति और स्वच्छता के संदेश को एक साथ जोड़ना है। जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत और जल जीवन मिशन के संकल्प को भी मजबूती मिलेगी। तीन चरणों में होगा अभियान का क्रियान्वयन किया जाएगा।

प्रथम चरण 8 अगस्त को हुआ। जिसमें देशभक्ति का माहौल बनाने पर जोर दिया जाएगा। जिले में तिरंगे पर केंद्रित सार्वजनिक कार्यक्रम और चर्चाएं आयोजित होंगी। इनमें तिरंगा प्रेरित कला और प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगे पर आधारित प्रश्नोत्तरी और सैन्य बलों के जवानों को पत्र लेखन जैसी गतिविधियां शामिल थीं। द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त तक इस चरण में अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। जिले में स्थानीय उत्पादों पर केंद्रित तिरंगा मेला, तिरंगा कॉन्सर्ट, तिरंगा बाइक, साइकिल रैली और तिरंगा याला जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तिरंगा ध्वज की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। द्वितीय चरण हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग का आयोजन 8 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले के निकायों व ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरूआत शुक्रवार 8 अगस्त को जनप्रतिनिधियों के द्वारा शपथ लेकर की गई है।

शुभांरभ कार्यक्रम में शमशाबाद विधायक व पूर्व मंत्री सूर्यप्रकाश मीणा ने शपथ का वाचन किया। जिसे विदिशा विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोड़िया के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने दोहराई है। शपथ मुख्य उद्धेश्य स्वच्छता के संदेशों को अमल में लाते हुए हम स्वंय स्वच्छ रहेंगे घर को स्वच्छ रखेंगे, गांव को स्वच्छ रखेंगे, समाज को स्वच्छ रखेंगे ताकि सम्पूर्ण जिला स्वच्छता के आयामो में अव्वल रहे।




**विदिशा।** अभियान की शुरूआत शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों के द्वारा शपथ लेकर की गई।

#### हर घर तिरंगा फहराने का लक्ष्य

गौरतलब हो कि हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक को जिले के हर घर, कार्यालय और वाहन पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य है। इस दौरान तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड करने और हर जगह तिरंगे की दृश्यता सुनिश्चित करने जैसे कार्यक्रम होंगे। 15 अगस्त की शाम को सम्मानपूर्वक तिरंगे को उतारने की व्यवस्था भी की जाएगी। स्वच्छता और जल संरक्षण पर विशेष ध्यान यह अभियान स्वच्छता और जलसंरक्षण के प्रति जागरुकता फैलाने पर भी केंद्रित है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और जल-जीवन मिशन के अंतर्गत शहडोल जिले के गांवों और ग्राम पंचायतों में कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें सामुदायिक सफाई अभियान, को जल संरक्षण और 15 अगस्त अमृत सरोवर चैथे सार्वजनिक स्थानों पर ध्वजाचेहषण शामिल है।

---

## बाढ़ पीड़ितों को 61 लाख रुपए से अधिक राशि जारी

### मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने राहत राशि जारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सिंगल क्लिक से प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से प्रभावितों को राहत राशि जारी की।

विदिशा एनआईसी व्हीसी कक्ष में विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के अलावा अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और बाढ़ से प्रभावित पीड़ित व उनके परिजन मौजूद रहे। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि विदिशा जिले में प्राकृतिक आपदा अवधि के दौरान कुल 1276 हितग्राहियों को कुल भुगतान राशि 61 लाख 69 हजार 500 रुपए जारी की गई है।

जिसमें पांच जनहानि होने पर उनके परिजनों को 20 लाख रुपए की राशि वहीं आठ हितग्राहियों के पशुधन की हानि होने पर उन्हें कुल 90 हजार 500 की राशि जारी की गई है इसके अलावा 1049 हितग्राहियों के मकान क्षतिग्रस्त होने पर उन्हें कुल 31 लाख 500 रुपए की राशि जारी की गई है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाओं के दौरान पीड़ितों के कपड़ा, बर्तन, खाद्यान्न नुकसान होने पर ऐसे 214 हितग्राहियोंको कुल 9 लाख 78 हजार 500 रुपए की सहायता राशि जारी की गई है।

### लायंस क्लब विदिशा संघमित्रा का अधिष्ठापन समारोह

**विदिशा।** लायंस क्लब विदिशा संघमित्रा का अधिष्ठापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेश मालवीय, अतुल शाह, मुदित बंसल, अनामिका पचौरी मौजूद रहीं। अध्यक्ष सोनल शर्मा द्वारा अतिथि मंचासीन करवाने के बाद अध्यक्ष लायन सविता कटारे ने सभा प्रारंभ करने की घोषणा की। सामूहिक राष्ट्रगान के बाद लायन योगिता यादव ने ध्वज वंदना का गायन किया और पूर्व अध्यक्ष लायन नीता चतुर्वेदी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में लायन सविता कटारे ने संघमित्रा की सालभर की गतिविधियों को संक्षेप में बताया। कमला चतुर्वेदी ने अपना सचिवीय प्रतिवेदन पढ़कर क्लब की खूबियां बतायीं। अध्यक्ष लायन सविता कटारे ने सभी सदस्यों को मोमेंटो प्रदान किए। समारोह के दौरान शहर के प्रमुख व्यक्तित्वों को सम्मानित भी किया गया, जिनमें वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नवीन शर्मा, जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष संतोष शर्मा का सम्मान किया गया। कोषाध्यक्ष सीमा दुबे ने नवीन सदस्यों को शपथ दिलाई।




---

### खनन करते 1 पोकलेन 3 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किए



**विदिशा।** खनिज विभाग ने मुरम का अवैध खनन करते हुए 3 ट्रैक्टर ट्रॉली और एक पोकलेन मशीन को जब्त किया गया है। रोहित शर्मा पर प्रकरण दर्ज किया गया है। वाहनों को जब्त कर ढोलखेड़ी चौकी पर खड़ा कराया गया है।

## इस साल... रक्षाबंधन पर नहीं रहेगी भद्रा, दिनभर राखी बांध सकेंगी बहनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

रक्षाबंधन का पावन पर्व श्रावण शुक्ल पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। भाई और बहन के अटूट प्रेम के बंधन का त्यौहार रक्षाबंधन इस आज शनिवार को मनाया जाएगा।

इस साल रक्षाबंधन के दिन भद्रा नहीं रहेगी। ऐसा योग 7 साल बाद बन रहा है। धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि इस साल रक्षाबंधन त्यौहार कई शुभ योगों मे मानेगा 9 अगस्त को श्रवण नक्षत्र सौभाग्य योग सर्वार्थ सिद्धि योग बुध आदित्य योग का शुभ संयोग बन रहा है। ऐसा संयोग रक्षाबंधन पर कई वर्षों बाद बन रहा है। रक्षाबंधन के दिन भद्रा भी नहीं है। पूर्णिमा तिथि आज शनिवार को दिन में 1:24 तक रहेगी।



उदयातिथि एवं तीन मुहूर्त से अधिक उदय काल व्यापिनी श्रावण पूर्णिमा होने के कारण 9 अगस्त को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जाएगा। आज शनिवार के दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई में सुबह से दिनभर रक्षा सूत्र राखी बांध सकती हैं। पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन मकर राशि का स्वामी शनि और सूर्य आपस में समसप्तक योग बना रहे हैं। 29 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है कि रक्षाबंधन पर शनि, मीन और सूर्य कर्क राशि में रहेंगे। इस पर्व पर आयुष्मान, स्थिर सौभाग्य, बुध आदित्य, हर्ष विपरीत राज, पाराशरी राज, विमल विपरीत राज और धन योग बन रहा है।

## एक घर में 11 या अधिक मतदाता होने पर सत्यापन के मापदंड जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश का हवाला देते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशुल गुप्ता ने बताया कि नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की मतदाता सूची में एक ही घर में 11 एवं उससे अधिक दर्ज मतदाताओं की जानकारी नगरीय निकायवार, विकासखंडवार आयोग को उपलब्ध कराई गई है।

आयोग निर्देशों पर जिले की नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की मतदाता सूची में एक ही घर में 11 एवं उससे अधिक दर्ज मतदाता वाले मतदाताओं का नगरीय निकायवार, विकासखंडवार भौतिक सत्यापन कराया जाकर जानकारी समयावधि में प्रेषित करने के निर्देश सभी आरो व एआरो को जारी किए गए हैं।

आयोग के द्वारा जारी आदेश में जिले की नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची में एक ही मकान, गृह में 11 एवं उससे अधिक दर्ज मतदाताओं के भौतिक सत्यापन करने हेतु ईआरएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से सूची जनरेट कर इस कार्यालय को उपलब्ध कराई गई है।

### आज तीर्थदर्शन योजना आवेदन का अंतिम दिन

**विदिशा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत वाराणसी (काशी) अयोध्या के लिए जिले के पात्रताधारक तीर्थयात्रियों से आवेदन जमा कराने का आज 9 अगस्त अंतिम दिन है। चयनित तीर्थयात्री 13 अगस्त को स्पेशल ट्रेन से रवाना होंगे। तीर्थयात्रा पात्रताधारी आवेदक अपने आवेदन जमा कराने के लिए चिन्हित स्थलों तदानुसार ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक जनपद पंचायत कार्यालय में और शहरी क्षेत्र के आवेदक नगरपालिका, नगर परिषद कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में जमा कर सकते है। ज्ञातव्य हो कि जिले के 179 तीर्थयात्री अयोध्या तीर्थ दर्शन के लिए रवाना होंगे। लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर कम्प्यूटर रेंडमाइजेशन प्रणाली से चयन किया जाएगा।

---

## बच्चों ने एसपी को बांधी राखी



**विदिशा।** सामुदायिक भवन पुलिस लाइन में रक्षाबंधन के अवसर पर नारायणा ई-टेक्नो स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने एसपी रोहित काशवानी को राखी बांधकर उनके प्रति स्नेह एवं सम्मान प्रकट किया। इस अवसर पर केजी-2 कक्षा के बच्चों ने लटेरी एसडीओपी अमरेश बोहरे, बासौदा एसडीओपी शिखा भल्लावी, कुरवाई एसडीओपी रोशनी सिंह सहित सभी थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों को राखी बांधी। पुलिस परिवार द्वारा नन्हें-मुन्ने बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान पुलिस स्टाफ सहित स्कूल की वाइस प्रिंसिपल बबीता साहू, मदर टीचर एवं एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर के साथ स्कूल के कुल 24 बच्चे उपस्थित रहे।

## पुलिस के शिकायत निवारण शिविर में आईं 70 शिकायतें, 55 का मौके पर ही किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

शुक्रवार को पुलिस द्वारा जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 70 में से 55 शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया। सामुदायिक भवन, पुलिस लाइन में एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन एक दिवसीय सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य जनता की शिकायतें सुनकर उनका त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान करना रहा। इस शिविर में 31 जुलाई की स्थिति में लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 70 आवेदकों की शिकायतें सुनी गईं, जिनमें से 55 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष प्रकरणों पर भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एसपी रोहित काशवानी ने स्वयं फरियादियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएसपी अतुल सिंह, लटेरी एसडीओपी अमरेश बोहरे, बासौदा एसडीओपी शिखा भल्लावी एवं कुरवाई एसडीओपी रोशनी सिंह मौजूद रहे।




## हड़ताल कर रहे तहसीलदारों ने पूर्व मंत्री मीणा को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** पिछले तीन दिनों से तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। शुक्रवार को अधिकारियों ने पूर्व मंत्री एवं शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा को मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें तहसीलदारों ने अपनी मांगे दोहराईं। बताया गया कि प्रदेश सरकार ने न्यायालय तहसीलदार और गैर न्यायालय तहसीलदार के लिए अलग-अलग अधिकारी नियुक्त करने का एलान किया है। जिसका विरोध पूरे प्रदेश में राजस्व अधिकारी कर रहे हैं।

---

## शिकायत की जांच करने खेत तक पहुंचे अधिकारी

**शमशाबाद।** तहसील के ग्राम पट्टन निवासी कृषक चंद्रमोहन यादव पिता मेहरबान सिंह यादव के खेत में 32 बीघा रकवा खरपतवार नाशक व कीट नाशक दवा के छिड़काव से सोयाबीन नष्ट हो गया था। जिसकी शिकायत किसान चन्द्रमोहन यादव द्वारा कलेक्टर अंशुल गुप्ता व जिला कृषि कार्यालय में की गई थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विकासखंड में पदस्थ कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा निरीक्षण प्रतिवेदन जिला कार्यालय में प्रस्तुत किया गया था। कार्रवाई के लिए कार्यालय उपसंचालक कृषि द्वारा जांच दल का गठन किया गया। इस निरीक्षण दल में उपसंचालक कृषि केएस खपेड़िया, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. वीके गर्ग, पादप रोग वैज्ञानिक डॉ. आशीष श्रीवास्तव, सहायक संचालक कृषि महेंद्र सिंह ठाकुर, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर, क्षेत्रीय कृषि अधिकारी संगम रघुवंशी, लक्ष्मण गुर्जर कृषि विस्तार अधिकारी एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा तहसील समन्वयक जितेंद्र यादव ने खेत पर पहुंचकर सोयाबीन फसल में नुकसान का जायजा लिया।



### नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत आयोजित की गईं थी प्रतियोगिता

## निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर आदित्य को एसपी ने दिया 11 हजार का पुरस्कार और प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को को सामुदायिक भवन, पुलिस लाइन में निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के कक्षा 11वीं के छात्र आदित्य विश्वकर्मा को एसपी रोहित काशवानी द्वारा 11 हजार रुपए का नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान बासौदा कुरवाई एसडीओपी रोशनी सिंह, एसडीओपी शिखा भल्लावी एवं रक्षित निरीक्षक भूरेसिंह चौहान भी मौजूद रहे। यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित किया गया था। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों से विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह सम्मान न केवल विद्यार्थी के लेखन कौशल का सम्मान था, बल्कि नशामुक्ति जैसे गंभीर सामाजिक विषय पर जन जागरूकता के प्रति युवाओं की सोच को भी दर्शाता है। एसपी ने इस अवसर पर कहा कि नशे के विरुद्ध समाज की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है, और इस प्रकार के रचनात्मक प्रयास युवाओं को सही दिशा देने का सशक्त माध्यम बन सकते हैं।




**विदिशा।** प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र आदित्य विश्वकर्मा को पुरस्कृत करते हुए विदिशा एसपी।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2780
उच्चतम भाव-3105
सुजाता
न्यूनतम भाव-2580
उच्चतम भाव-2732
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2548
उच्चतम भाव-2570
चना
न्यूनतम भाव-4100
उच्चतम भाव-6116
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7960
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3148
उच्चतम भाव-3451
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3481
उच्चतम भाव-4840
सरसों
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7390
मूंग
न्यूनतम भाव-3351
उच्चतम भाव-7500
धान
न्यूनतम भाव-2050
उच्चतम भाव-2390
उड़द
न्यूनतम भाव-3010
उच्चतम भाव-6582
तुअर
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5600
धनिया
न्यूनतम भाव-5901
उच्चतम भाव-6430

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 4457 बोरे उपज की आवक हुई।

## खबर संक्षेप

### तिरंगा यात्रा 12 को



**गंजबासौदा।** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दिनांक 12 अगस्त को शाम 4 बजे रेलवे स्टेशन हनुमान मंदिर से विशाल तिरंगा यात्रा निकलेगी जो की नगर के मुख्य मार्ग से होकर मां शीतला शक्ति धाम पर समापन होगी। इस यात्रा की तैयारियों को लेकर गत दिवस विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र रघुवंशी की मौजूदगी में तैयारियों को लेकर बैठक हुई थी।

### आज इलाके भर में उत्साह के साथ मनाया जाएगा रक्षा बंधन का त्योहार

# रक्षा बंधन त्योहार के चलते बाजार हुए गुलजार, बाजार में बढ़ी भीड़





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भाई बहिन के पवित्र प्रेम के बंधन का पर्व रक्षाबंधन का त्यौहार शनिवार को इलाके भर में उत्साह के साथ मनाया जाऐगा। इस पर्व को लेकर गत दिवस से ही बाजार में दुकानें सज गई थीं और राखियों एवं अन्य सामग्री की खरीदी के लिए भी दुकानों पर महिलाओं की भीड़ भी बढ़ गई है। दुकानों पर बहिनें अपने भाईयों के लिए विभिन्न प्रकार की राखियां खरीदने पहुंच रहीं हैं। इस वर्ष शनिवार को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जा रहा है। पंचांग के अनुसार रक्षाबंधन इस बार 9 अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा। राखी बांधने का मुहूर्त सुबह 5 बजकर 47 मिनट से लेकर दोपहर 1 बजकर 24 मिनट तक रहेगा, जिसकी अवधि 7 घंटे 37 मिनट की रहेगी। इस मुहूर्त में ही बहिनें अपने अपने भाईयों को राखी बांध सकती है। उधर रक्षा बंधन त्यौहार के चलते बाजार गुलजार हो गए हैं, सुबह से लेकर रात्रि तक कपड़े, राखी की दुकानें, मिठाई, सोने चांदी के आभूषणों की दुकानों, जनरल स्टोर्स पर भीड़ देखी जा रही है। वहीं गली गली भी हाथ ठेला वाले राखी बेच रहे हैं। सर्वाधिक भीड़ नगर के मुख्य मार्गों पर दर्जनों की संख्या में सजी राखी की दुकानों पर देखी जा रही हैं। इस वर्ष दर्जनों वेरायटी की राखियां बाजार में आई हैं। अनेक प्रकार की राखियों को महिलाएं एवं बच्चे खूब पसंद कर रहे हैं। बाजार में इस बार पूर्व की अपेक्षा मंहगी राखियां दिखाई दे रहीं हैं। बच्चों के लिए भी राखी की कई वैरायटी है। इनकी कीमत 50 से 150 रुपए तक है। इसके अलावा भगवान विभिन्न मुद्राओं में राखी के धागों में विराजमान हैं। उधर शनिवार को रक्षाबंधन के बाद रविवार को भुजरिया पर्व भी उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

## तीसरे वर्ष भी विजेता रही रतनबाई जैन स्कूल की कबड्डी टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय शासकीय उच्चतर विद्यालय के इंडोर स्टेडियम में गुरुवार को किया गया। जिसमें 8 स्कूल के खिलाड़ियों ने भाग लिया। सीनियर वर्ग बालक में राजीव मेमोरियल स्कूल को हराकर रतनबाई हायर सेकेंडरी स्कूल विजेता रही। ज्ञात हो कि लगातार तीसरे वर्ष भी रतन बाई जैन हाई सेकेंडरी स्कूल की कबड्डी टीम विजेता रही। टीम में शिवम मीणा, विवेक कुर्मी, आकाश लोधी, नमन सेन ,अनुराग दांगी, त्रिदेव रघुवंशी, सागर बघेल, अर्जुन बघेल, मयंक दांगी, गौरव यादव, छोटू दांगी, शिव्यांश यादव शामिल हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, परिजनों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

## छात्रों ने कब्रिस्तान में किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को नगर के वार्ड क्रमांक 8 में मदरसा अशरफुल तालीम के छात्रों एवं मुस्लिम समाज के लोगों ने वार्ड में स्थित शीशगर कब्रिस्तान में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के उपरांत दुआ की गई। इस दौरान अजीज भाई, मुन्ना भाई, हाजी हलीम, सैयद शफाकत हुसैन कादरी, समीर खान, कतेदार अली मोहम्मद शाद, जाकिर शाह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शराब की दुकानें स्थानांतरित कराने आप कार्यकर्ताओं ने दिया धरना



गंजबासौदा। आम आदमी पार्टी के विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र केवट ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नगर में बढ़ते नशे पर रोकथाम एवं नवीन कृषि उपज मंडी, रेलवे स्टेशन, न्यू बस स्टैंड और मिर्जापुर पचमा बायपास रोड स्थित शराब दुकानों के स्थानांतरण के लिए दिनांक 20 जुलाई को प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था। लेकिन आज दिनांक तक इन शराब दुकानों का स्थानांतरण नहीं किया गया। इसी मुद्दे को लेकर शुक्रवार को जय स्तंभ चौक पर धरना प्रदर्शन किया गया। एसडीएम को जिलाध्यक्ष प्रमोद शर्मा द्वारा पुनः ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि 7 दिवस के भीतर इन शराब दुकानों का स्थानांतरण नहीं किया गया, तो आम आदमी पार्टी में चरणबद्ध आंदोलन, धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल करने के लिए बाध्य होगी। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। कार्यक्रम में देवेन्द्र केवट विधानसभा प्रभारी, अजीत कुमार जैन, प्रदीप मैथिल, कमलेश कुशवाह, नर्मदा प्रसाद लोधी, रानू नामदेव, अमित कुमार मिश्रा, शिवराज अहिरवार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वेदांत आश्रम में शिव की साधना बनी संस्कारों की पाठशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रावण मास का पावन पवित्र अवसर, पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्री पाठ की वैदिक ध्वनि और शिव भक्ति की गहन साधना, ये दृश्य जब एक साथ किसी स्थान पर घटते हैं तो वह केवल आयोजन नहीं रह जाता, बल्कि संस्कारों की पाठशाला बन जाता है। वेदांत आश्रम में श्रावण मास के उपलक्ष्य में एक माह से चल रहे ऐसे ही एक जीवंत और प्रेरणादायी अनुष्ठान की शुक्रवार को अग्निहोत्र के साथ पूर्णाहुति हुई। जहां भक्ति भी जागृत हुई,सेवा के साथ-साथ धार्मिक, सामाजिक एकता और समरसता का संदेश भी दिखाई दिया। पूर्णाहुति के बाद आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने खीर पूड़ी सब्जी और मालपुआ की प्रसादी ग्रहण की। आयोजन में वेदांत आश्रम ट्रस्ट परिवार के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में धर्मालु, गणमान्य जन मौजूद थे। शनिवार को आश्रम में रक्षाबंधन के पावन मौके पर श्रावणी उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

ज्ञात हो कि जीवाजीपुर स्थित संत जगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय वेदान्त आश्रम में सावन मास के पावन मौके पर प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण के साथ-साथ निर्धारित अलग-अलग यजमानों के द्वारा भगवान महादेव का पूजन किया जा रहा था।

शुक्रवार को आयोजन की पूर्णाहुति पर यजमान शंकरदयाल शर्मा और नरेश साहू द्वारा शिव पूजन अभिषेक के पश्चात पूर्णाहुति में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्निहोत्र के साथ आहुतियाँ अर्पित कीं गईं। सावन में हुए पार्थिव शिवलिंग निर्माण, वैदिक रुद्री पाठ, और यज्ञ जैसे विविध जैसे अनुष्ठानों से वातावरण शिवमय दिखाई दिया। वैदिक आचार्य पं. शिवशंकर पांडे ने वैदिक परंपरा के अनुसार रुद्रपाठ का संचालन कर पूर्णाहुति पर अग्निहोत्र संपन्न कराया। गायत्री, रुद्र, महामृत्युंजय, त्र्यंबक, शिवोपासना और रुद्रचमक मंत्रों का एक लय में उच्च स्वर में लघुरुद्र पाठ, श्री सूक्त पाठ, रुद्राष्टक का आह्वान करते हुए आहुतियां अग्नि को समर्पित की गईं। आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने शिव महिमा के बारे में बताया कि पार्थिव शिवलिंग निर्माण मिट्टी से परमात्मा की खोज है। जब हम अपने भीतर के अहंकार को गला देते हैं, तब शिव हमारे भीतर जन्म लेते हैं। वेदांत आश्रम में चल रहे श्रावण मासिक अनुष्ठान की सबसे खास बात रही कि संपूर्ण आयोजन में यहां के विद्यार्थियों द्वारा गाय के गोबर, गंगा जल, तुलसी, पंचगव्य और औषधियों से मिट्टी तैयार कर प्राचीन शास्त्रों के विधि-विधान से पवित्र शिवलिंगों का निर्माण किया गया। प्रतिदिन निर्मित पार्थिव शिवलिंगों की श्रृंखला में हर दिन अलग स्वरूप में शिव का साक्षात रूप देखा गया। कभी पंचमुखी, तो कोई अर्धनारीश्वर, कोई नटराज, तो कभी शिव, गंगाधर के रूप में दिखाई दिए। आश्रम के विद्यार्थियों द्वारा शिवलिंग निर्माण केवल कला का प्रदर्शन नहीं था। यह भक्ति, अनुशासन और ध्यान का अभ्यास था। आश्रम के विद्यार्थी रघुनंदन ने पूरे श्रावण मास में एक से बढ़कर एक विभिन्न रूपों का निर्माण कर शिव के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा, आस्था और भक्ति को प्रकट किया।

## स्वदेशी जागरण मंच आज से चलाएगा अगस्त क्रांति अभियान




**गंजबासौदा।** स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढावा देने और विदेशी वस्तुओं के उपयोग को बंद करने को लेकर स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी सुरक्षा स्वालंबन अभियान के तहत अगस्त क्रांति शुरू करने जा रहा है। यह क्रांति शनिवार 9 अगस्त को सांकेतिक रूप से विदेशी कंपनियों भारत छोडो कार्यक्रम के साथ शुरू की जाएगी। इसके बाद पूरे माह भर विदेशी सामानों की होली जलाने, गली मोहल्लों और गांव गांव में स्वदेशी अपनाओ को लेकर जनजागरण करने, प्रबुद्धजनों के माध्यम से जनजागरण करने,गोष्ठियों, नुक्कड सभाओं, स्कूल कॉलेजों में कार्यक्रम आदि के माध्यम से अभियान चलाया जाएगा। उक्त जानकारी स्वाबलंबी भारत अभियान के जिला संयोजक परसराम दुबे ने पत्रकार वार्ता में दी। श्रद्धेय अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन में आयोजित इस पत्रकार वार्ता में स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक महिपाल सिंह राजपूत, विभाग सह संयोजक सुखजीत सिंह काके, विस्तारक अंकित पाठक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। विभाग संयोजक महिपाल सिंह राजपूत ने स्वदेशी जागरण मंच की स्थापना के उद्देश्यों के बारे में बताया। साथ ही कहा कि 9 अगस्त को ही देश में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ भारत छोडो आंदोलन की शुरूआत हुई थी। इसलिए मंच भी 9 अगस्त से ही विदेशी कंपनियों के खिलाफ अभियान शुरू कर रहा है।

### ड्रीम सिटी कॉलोनी में मना रक्षाबंधन स्पेशल मेंहदी महोत्सव



गंजबासौदा। रक्षाबंधन के पावन पर्व को खास और यादगार बनाने के लिए ड्रीम सिटी कॉलोनी में रक्षाबंधन स्पेशल मेंहदी महोत्सव का आयोजन 7 व 8 अगस्त को डीसी मॉल परिसर में किया गया। इस आयोजन में कॉलोनी की 150 से अधिक माताओं और बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और निःशुल्क मेंहदी लगवाई। आज की व्यस्त जीवनशैली में अक्सर समय, संसाधनों और अवसरों की कमी के कारण कई माताएं और बहनें त्योहारों की पारंपरिक तैयारियों से वंचित रह जाती हैं। विशेष रूप से मेंहदी जैसी सुंदर परंपरा, जो रक्षाबंधन की शोभा बढ़ाती है, समयाभाव के कारण कई बार छूट जाती है। ऐसे में यह आयोजन उनके लिए राहत और आनंद का अवसर बन गया। माताओं और बहनों ने आयोजन की दिल से सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल समय की बचत करते हैं, बल्कि सामाजिक जुड़ाव और पारिवारिक भावनाओं को भी सशक्त करते हैं। इस आयोजन ने पूरे परिसर में उत्सव का रंग घोल दिया और रक्षाबंधन की खुशियों में चार चांद लगा दिए।

### राखियों में दिखा बहन-भाई का प्रेम

# राखी, मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रक्षाबंधन पर्व के शुभ अवसर की पूर्व वेला में सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के सभागार में राखी बनाओ और मेहन्दी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें संस्था के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने एनएसएस बालिका प्रभारी रजनी गुप्ता और प्रियंका अग्रवाल के निर्देशन में सहभागिता करते हुए जहां प्राकृतिक संसाधनों से रंग-बिरंगी राखियों को तैयार किया और रक्षासूत्रों में भाई-बहन के अमिट प्रेम को छात्र-छात्राओं ने उभार दिया।

छात्र छात्राओं द्वारा तैयार राखियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक परिवार ने प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इसके बाद संस्था में मेहन्दी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने अन्य छात्राओं के हाथों पर आकर्षक मेहन्दी सजाई। मेहन्दी के रंगों के साथ खुशबू बिखरी, बल्कि सुंदर सुन्दर आकृर्तियां भी उभरती नजर आई। कार्यक्रम के अंत में संस्था डायरेक्टर केएस यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, एनएसएस बालक-बालिका ईकाई प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान, सुपार्श जैन, गोविंद कुशवाह, मनोज श्रीवास्तव, संगीत शिक्षक शंभु गिरि गोस्वामी, कुंती राव, डाली तिवारी सहित शिक्षक परिवार ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी।

### गर्ल्स कॉलेज में हुई चोरी

गंजबासौदा। शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय के नवीन भवन में दो बार चोरों ने धावा बोला। जिसमें से पहले दिन चोर दो कमरों के सात पंखे खोल ले गए। जबकि दूसरे दिन फिर चोरी का प्रयास करते समय इनमें से एक चोर को कॉलेज कर्मचारी अनुराग चौधरी ने स्टाफ की मदद से पकड लिया। अनुराग के अनुसार चोरी गए सात पंखों में से दो पंखे कॉलेज के पास ही मिल गए थे। दूसरे दिन पकडे गए चोर को कॉलेज प्रबंधन ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बताया जाता है कि उक्त चोर नशे के आदी हैं और पहले दिन की चोरी में दो चोर शामिल थे, जबकि दूसरे दिन एक ही चोर चोरी करने आया था, लेकिन अनुराग चौधरी की सतर्कता से पकडा गया। अब पुलिस उससे अन्य चोरी के संबंध में पूछताछ करते हुए उससे चोरी गए सामान की बरामदगी का प्रयास कर रही है।

# रक्षाबंधन करुणाबंधन कार्यक्रम में धर्मगुरुओं ने किया बच्चों की सुरक्षा का सामूहिक आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन (SMGC) के तहत शुक्रवार को पत्रकार भवन क्लब पार्क में "रक्षाबंधन करुणाबंधन" कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें विभिन्न धर्मों के पूज्य धर्मगुरुओं ने एक स्वर में बच्चों को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और धार्मिक शोषण से बचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मौलवी मोहम्मद शाकिर हाफिज, गुरुद्वारे से संत राजाराम मस्ताना, आर्य समाज से सूर्यप्रकाश तथा चर्च से फादर सिवेश्चियन, अरविंद अवस्थी ने भाग लिया। सभी ने कहा कि भले ही परंपराएं और मान्यताएं अलग हों, लेकिन सभी धर्मों का सार "करुणा" है, जो मानवता को जोड़ती है। बाल मित्र ग्रामों से आए बच्चों ने फूलमालाओं से धर्मगुरुओं का स्वागत किया, वहीं बालिकाओं ने राखी बांधकर उनसे अपने समुदायों में बच्चों की सुरक्षा हेतु सार्वजनिक आवाहन करने की अपील की। सत्यार्थी मूवमेंट के वरिष्ठ प्रबंधक डॉ. प्रवेश शर्मा ने बताया कि यह पहल नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी के "करुणा के वैश्विकरण" के दर्शन को आगे बढ़ाने का प्रयास है, जिसका उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को "करुणा की परिवर्तनकारी शक्ति" से पुनः स्थापित करना है। कार्यक्रम में सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन से परियोजना समन्वयक श्रीकांत यादव, जिला समन्वयक अब्दुल कादिर ख़ान, परियोजना अधिकारी अंकित शर्मा, कैलाश नारायण साहू, हजारीलाल पाटस्कर, सरोज विश्वकर्मा, मनीषा पंथी, दीपक मिश्रा, गोविंद कुशवाह, रवीन्द्र कुशवाह, शुभेन्द्र यादव और खिराज लोधी उपस्थित रहे।

### माय स्कूल में हुई प्रतियोगिताएं

गंजबासौदा। नगर के प्रतिष्ठित इंग्लिश मीडियम स्कूल माय स्कूल में राखी बनाओ एवं मेहंदी एवं ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रक्षा सूत्र बनाने के लिए विद्यार्थियों ने पर्यावरण अनुकूल इको फ्रेंडली सामग्री का उपयोग किया। बच्चों ने कई प्रकार की छोटी बड़ी व सुंदर-सुंदर राखियां बनाई। वहीं बच्चों ने एक दूसरे की हथेलियां पर सुंदर और कलात्मक मेहंदी सजाई एवं भाइयों और बहनों को देने के लिए सुंदर ग्रीटिंग कार्ड भी बनाए। इस अवसर पर सुभाष निकेतन की प्राचार्य प्रीति श्रीवास्तव ने रक्षाबंधन का महत्व बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि आपसी विश्वास का संबल है राखी का त्योहार।

## जिला पंचायत सीईओ ने मामले की जांच को लेकर गठित की टीम

# सरपंच-रोजगार सहायक ने ग्रेवल मार्ग राजपुर व बॉउंड्रीवॉल के नाम फर्जी बिल से निकाल लाखों







हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

ग्राम पंचायत पथरिया सरपंच व रोजगार सहायक द्वारा ग्रेवल मार्ग राजपुर एंव बाउण्ड्रीवाल के नाम पर फर्जी बिल लगाकर 20 लाख 420 रूपये की राशि निकाली गई। लेकिन इस निकाली गई राशि का उपयोग ग्रेवल मार्ग राजपुर बाउण्डीबाल में पंचायत में कही भी किसी तरह का कार्य नही किया गया। शिकायतकर्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता मान सिंह रघुवंशी,राकेश सिंह रघुवंशी ने जिला पंचायत सीईओ विदिशा को एक आवेदन देते हुए बताया कि पूर्व सचिव का ट्रासफर होने के पश्चात रोजगार सहायक को पूर्व सचिव द्वारा रिकार्ड दे दिया गया था जबकि ग्राम पंचायत पथरिया में कोई भी सचिव का आदेश जिला सीईओ द्वारा नही किया गया था जबकि रोजगार सहायक को वित्तीय अधिकार राशि आहरण का जिला पंचायत सीईओ द्वारा किया जाता है। परनतु सरपंच एवं रोजगार सहायक ग्राम पंचायत पथरिया के द्वारा ग्रेवल मार्ग राजपुर एवं बाउण्ड्रीबाल पथरिया की राशि 1200420/-बारह लाख चार सौ बीस रू. की राशि निकाली गई। जो पूरी राशि अनूचित राशि एवं भ्रष्टाचार किया गया। जबकि ग्राम पथरिया में बाउण्ड्रीवाल श्मशान में आज तक कोई कार्य नही हुआ। जिसकी जांच कर कार्यवाही की जाए। साथ ही जो बिल ग्रेवल मार्ग राजपुर और पथरिया श्मशान में लगाये गए। वह बिल फर्जी बिल एवं कच्चे बिल है जो कि राशि हड़पने के लिए जो बिल फर्जी लगे हुये है वह आवेदन के साथ बिल न. राशि सहित कच्चे बिलो की छायाप्रति संलग्न की गई।

### जिला पंचायत सीईओ ने मामले की जांच के लिए गठित की पांच सदस्य टीम

कार्यालयीन आवक शाखा से प्राप्त पत्र क्रमांक 2453 07 जुलाई 2025 के माध्यम से ग्राम पंचायत पथरिया में सरपंच श्रीमती रीना पाल एवं रोजगार सहायक रामबाबू द्वारा गलत तरीके एवं नियम विरूद्ध राशि आहरण के संबंध में शिकायत प्राप्त होते ही शिकायत अनुसार ग्राम पंचायत पथरिया में ग्रेवल रोड राजपुर एवं बाउंड्रीवॉल पथरिया की राशि रू. 12,00,420 निकालकर भ्रष्टाचार किए जाने का मामला जैसे ही जिला पंचायत सीईओ के संज्ञान में आया तो उन्होने मामले की जांच हेतु पांच सदस्य जांच दल बनाकर मामले की जांच के निदेश दिए। तो वही उक्त जांच दल में परियोजना अधिकारी, मनरेगा, जिला पंचायत विदिशा आर. पी. राय,जिला समन्वयक, ऑडिट, जिला पंचायत विदिशा विशाल शर्मा,खण्ड पंचायत अधिकारी,जनपद पंचायत सिरोंज विनोद श्रीवास्तव, लेखाधिकारी, मनरेगा, जनपद पंचायत सिरोंज श्रीमती प्रमिला साहू, सहायक यंत्री, जनपद पंचायत सिरोंज राहुल धाकड़ को जांच दल में शामिल किया गया। जो कि जाँच कर जाँच प्रतिवेदन एक सप्ताह में कार्यालय जिला पंचायत विदिशा को उपलब्ध करेगा।

## पर्व ही नहीं अपितु महापर्व

# संस्कृति और धर्म की रक्षा का संकल्प रक्षाबंधन पर्वः हुंडिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



एक भावना का उत्सव सुरक्षा, विश्वास और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन को लेकर आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने कहा कि रक्षाबंधन पर्व का अर्थ है कि जो किसी को जोड़ दे। यह पर्व कभी हमें संस्कृति से जोड़ता है। तो कभी इतिहास से जोड़ेता है। कभी-कभी धार्मिक और सामाजिक परम्पराओं से जोड़ता हैं। रक्षाबंधन पर्व ही नहीं अपितु महापर्व है। महापर्व इसलिए है क्योंकि सांस्कृतिक हो ऐतिहासिक हो धार्मिक और सामाजिक भी हो। फिर इतिहास के पन्ने पलटते हैं तो हमें हुॅमायुं और मेवाड़. की महारानी कर्मवती की घटना याद आती है। जब मेवाड़ पर शेरशाह सूरी ने आक्रमण किया तब मेवाड़ की सुरक्षा में स्वयं को असमर्थ पाकर वीरांगना रानी कर्मवती ने रक्षा के लिए अपने मुँह बोले भाई बादशाह हुॅमायुं को रक्षासूत्र भेजा। हुॅमायुं ने अपनी बहन के द्वारा भेजे हुए रक्षासूत्र का सम्मान रखते हुए शेरशाह सूरी से बहन कर्मवती के राज्य की रक्षा की एवं उस रक्षासूत्र की लाज रखी। जो इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। यह पर्व दूसरों के दुख में सम्मिलित होने का पर्व है। अपनी पीढ़ा से पशु पक्षी भी कराह उठते हैं। लेकिन इंसान पर पीढ़ा से सिहर उठे वह धरती पर देवता के समान है। भारत त्योंहारों का देश है त्योहारों के माध्यम से संस्कृति को संरक्षण एवं संवर्द्धन प्रदान किया जाता है। रक्षाबंधन पर्व भारतीय संस्कृति का सबसे महान पर्व है क्योंकि किसी पर्व में हम घर को सजाते हैं तो किसी त्योंहार में नये कपड़े पहने की परम्परा है किन्तु रक्षाबंधन ही एक मात्र पर्व है जो हमें दूसरों के प्रति वात्सल्य एवं करूणा का संदेश देता है। वही उन्होने कहा कि महिलायें समाज का अभिन्न अंग है इनके बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसके बाद भी कुछ दूषित मानसिकता वाले पुरूषों व मनचले युवकों द्वारा पूरी महिला समाज भय और आतंक के माहौल में जीने को मजबूर है आज बलात्कार व छेड़छाड़ की घटनायें सुनने एवं देखने को टीवी एवं दैनिक पत्रों के माध्यम से प्रतिदिन मिलती है। यह पर्व हमें पुनः जागृत करने एवं संस्कृति से जोड़ने के लिए आता है। महिलाओं की इज्जत एवं अपनी बहिन बेटियों की सुरक्षा के लिए समाज के सभी वर्ग के लोगों को एक सूत्र में बधनें की आवश्यकता है तभी हम पुनः एक सभ्य और सुरक्षित समाज का निर्माण कर सकते हैं भारतीय संस्कृति में बहिन बेटियों को दुर्गा,लक्ष्मी,सरस्वती व देवी का दर्जा दिया जाता है बालिकाओं को बुला करके भोजन कराके व उनके चरणों की पूजा करके अपने व्रत की पूर्ति करते हैं।

# छात्राओं ने ऑटो चालकों को राखी बांध कर मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

**सिरोंज।** निर्मला कॉन्वेट हायर सेकेण्डरी स्कूल में रक्षाबंधन त्योहार के अवसर पर ऑटो चालक बंधुओं के साथ रक्षाबंधन का त्योहर मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के संगीत गुरप के द्वारा प्रार्थना गीत के साथ किया गया। इसके उपरांत वरिष्ठ शिक्षक प्रकाश नारायण शर्मा के द्वारा रक्षाबंधन त्योहर के महत्व पर प्रकाश डाला। तो वही विद्यालय की छात्रों के द्वारा सभी उपस्थित ऑटो, बस चालकों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी कलाई पर राखी बांधी गई। वाहन चालकों के द्वारा भी अपनी छोटी बहनों का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी ने कहा कि रक्षाबंधन केवल एक धागे का त्योहार नहीं, बल्कि यह



एक भावना का उत्सव है सुरक्षा, विश्वास और स्नेह का पर्व है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि समाज तभी सुरक्षित और सुंदर बनता है जब हम एक-दूसरे की रक्षा का वचन निभाते हैं। चाहे वह रिश्ता खून का हो या कर्तव्य का। छात्राएँ इन राखियों को आपके हाथों में बाँधती हैं, तो वे यह संदेश देती हैं कि वे आपको सिर्फ ड्राइवर नहीं, बल्कि एक सुरक्षाकवच, एक भाई, और एक परिवार का हिस्सा मानती हैं।



### सीएम राइज विद्यालय में निकाली तिरंगा यात्रा

**सिरोंज।** हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगाअभियान के तहत शुक्रवार को शाला सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देशभक्ति से जुड़ी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर निबंध लेखन, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी में छात्र-छात्राओं ने तिरंगे के महत्व और आज़ादी के इतिहास पर अपने विचार और कला प्रस्तुत की। इसके बाद विद्यालय परिवार ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार सहित सभी शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। तिरंगा यात्रा नगर की मुख्य गलियों से गुज़री, जहाँ हर हाथ में लहराता तिरंगा और गगनभेदी नारे देशभक्ति के रंग बिखेर रहे थे।

# हर्षित बैरागी ने राजस्थान के खिलाड़ी को हराकर जीता स्वर्ण पदक



**सिरोंज।** सीबीएसई बेस्ट जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन पिनेकल पब्लिक स्कूल गांधीनगर में 3 अगस्त से 6 अगस्त आयोजित किया गया। जिसमें गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश की सीबीएसई स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। तो वही सिरोंज से आदर्श ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ी हर्षित बैरागी ने अंडर 35 किलोग्राम वजन वर्ग में भाग लेकर छठी और फाइनल फाइट के कड़े मुकाबले में जयपुर राजस्थान के खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता और सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप जो कि 2 सितंबर से 7 सितंबर तक इटावा उत्तर प्रदेश में आयोजित की जाएगी के लिए क्वालीफाई किया। हर्षित बैरागी की इस उपलब्धि पर नगरवासियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी। हर्षित बैरागी आदर्श ताइक्वांडो क्लब के नियमित खिलाड़ी है। जो कि ताइक्वांडो कोच सरदार सिंह कुशवाह से नियमित ताइक्वांडो प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। हर्षित नियमित और ताइक्वांडो के अनुशासित खिलाड़ी हैं अब वह सीबीएसई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी के लिए अभी से जुट गए हैं।

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जिले में की गई गतिविधियां

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देशानुसार जिले में हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान से न केवल राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ाना बल्कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी फैलाना है। इस दिशा में तिरंगा से प्रेरित कला प्रतियोगिता, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली और तिरंगा राखी निर्माण जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी अभियान के तहतहर घर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता शाहगढ़ में।

# गुरुकुल स्कूल में छात्र परिषद का हुआ शपथ ग्रहण समारोह




हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

गुरुकुल सीबीएसई स्कूल में नवनिर्वाचित छात्र परिषद के शपथ ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन किया। छात्रों को उनकी नई जिम्मेदारियों के अनुरूप बैज और सैश पहनाए तथा सभी नव नियुक्त कैबिनेट सदस्यों ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने और कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक पालन करने की शपथ ली।

समारोह में भव्य मार्च पास्ट का आयोजन हुआ। इस वर्ष छात्र परिषद में प्रांजल दुबे को हेड बॉय तथा माही राय को हेड गर्ल नियुक्त किया। हाउस कैप्टन के रूप में वशिष्ठ हाउस से हार्दिका पटेल व सूर्यांश धाकड़, व्यास हाउस से दिव्यांशी धाकड़ व अभिनव धाकड़, गौतम हाउस से रागिनी दुबे व पार्थ रघुवंशी तथा अगस्थ हाउस से वैष्णवी राय व ऋशिराज पटेल को चुना। अनुशासन कप्तान में अनन्या माझी व रुद्रांश रघुवंशी, खेल कप्तान के रूप में मश्रीयंती ठाकुर व आदित्य राठी, सांस्कृतिक कप्तान के रूप में सौम्या राय व पुनीत राजोरिया को नियुक्त किया। गिरिवर भूतड़ा को बैंड कप्तान, पहल धाकड़ को परेड कमांडर तथा मात्रिका राय व मीरा धाकड़ को पायलट के रूप में जिम्मेदारी सौंपी। यह समारोह विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन को प्रोत्साहित करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

विद्यालय के निदेशक प्रशांत राठी ने प्रेरणादायक भाषण दिया।

# रक्षाबंधन त्योहार को लेकर बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी

## भाई-बहन के स्नेह, सुरक्षा का आज कलाइयों पर बंधेगा रक्षासूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

शुभ मुहूर्त में बहनों द्वारा भाईयों की कलाईयों पर स्नेह सुरक्षा का रक्षासूत्र बांधी जाएगी। रक्षाबंधन त्योहार को लेकर महिलाओं, युवतियों द्वारा बाजारों में पहुंच कर जमकर खरीददारी की जा रही है। भाजपा की सरकार और डॉ. मोहन यादव द्वारा रक्षाबंधन से पूर्व शगुन की राशि 1500 रू. लाडली बहनों के खातों में डाले जाने से कियोस्क सेंटरो पर रूपयें निकालने भीड़ का नजारा बना रहा।

खातों से रूपये निकाल कर महिलाए सीधे बाजारों में राखी, उपहार सामग्री और अपनी जरूरत का सामान खरीदने सक्रिय बनी रहने से टाकीज रोड, सब्जी मंडी के आसपास, बडा बाजार के राखी मार्केट, छोटा बाजार, कन्याशाला मार्ग पर भारी भीड़ और बार-बार नाम लगाने की स्थिति बनती रही।



### रेडीमेड कपडे मिठाइयां

*पहले रक्षाबंधन के त्योहार पर घर मिठाईयां बना करती थी। समय के साथ चलन में परिवर्तन आ गया। अब मिठाईयां घरों में न बना कर दुकानों से डिब्बा बंद मिठाईयां खरीदने का चलन बढ़ गया है। मिठाईयों की दुकानें भीतर से अधिक सडक पर फैला कर डिब्बों को भी मिठाई के वजन में मिला कर बैंचा जा रहा है। रक्षाबंधन पर उपहार सामग्री, रेडीमेट कपडे और जरूरत के अनुसार महिलाओं द्वारा सोने चांदी के हल्के जेवरों की भी खरीददारी की जा रही है। सौंदर्य प्रशासन एवं राखी बैंचने वाली दुकानों पर महिलाओं की भीड़ लगना स्वभाविक बना रहा।*

### सड़कों पर दुकानें

*नगर एवं क्षेत्र की निरंतर जन संख्या बढ़ती जा रही है। इसी के साथ दो पहिया वाहन भी तेजी से बढ़ रहे है। बडा बाजार, छोटा बाजार, टाकीज रोड पर ही अधिकांश दुकानें लगती है। मार्गो के किनारों पर दुकानें लगाए जाने से और वाहन खडे रहने से पुरानी बस्ती की सडको बाजारों में पैदल चलना भी कठिन बना हुआ है।*

# सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं के नप एवं टीम पहल में मनाया रक्षाबंधन




हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं द्वारा स्व निर्मित राखियों के साथ नपं. कार्यालय पहुंच कर नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी, नपं. के कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों की कलाईयों पर राखी बांध कर रक्षाबंधन पर्व मनाया गया।

सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राएं टीम पहल के वृद्धाश्रम पहुंची, जहॉं निवास कर रहे, अपने परिवारों से अलग महिला, पुरूष वृद्धों की कलाई पर राखी बांध कर स्नेह भरा आर्शीवाद लिया गया। छात्राओं के साथ विद्यालय की दीदी आचार्य और प्रधानाचार्य भी साथ रहें।



# पेंशनर्स एसो. की रामलीला मैदान में हुई बैठक

**बरेली।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा बरेली की नियमित मासिक बैठक रामलीला मैदान के भवन में रामप्रसाद वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक श्री हनुमान चालीसा पाठ के साथ प्रारंभ हुई। सेवा निवृत शिक्षक अर्जुन सिंह राजपूत का शाल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया एवं प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की सदस्यता दिलाई गई। आगामी 5 सितंबर की नियमित बैठक शिक्षक दिवस पर होने वाली है। बैठक में 80 वर्ष से अधिक उम्र के सेवा निवृत कर्मचारियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया। बैठक में राधामोहन व्यास, जेपी ठाकुर, एनएस किरार, अवधनारायण सक्सेना, केशव यादव, आरडी श्रीवास्तव, पीएस राजपूत, आरजी धाकड़, अशोक कुमार व्यास, राजेश बबेले आदि उपस्थित रहे।

# तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा मंडलों की संयुक्त बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

भाजपा कार्यालय शिवाजी सेवा सदन में हर-घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा निकालने के संबंध में बरेली नगर, ग्रामीण और खरगोन भाजपा मंडलो की संयुक्त बैठक हुई। मंडल के भाजपा पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाले जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में भाजपा के जिला पदाधिकारियों, मंडल मोर्चा, प्रकोष्ठ पदाधिकारियों के साथ शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## बारिश न होने से बड़ी गर्मी और भारी उमस से परेशान किसान

# बारिश न होने से धान के खेतों में पड़ने लगी दरारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

सावन का महीना चल रहा है एक सप्ताह पूर्व तक संपूर्ण क्षेत्र में लगातार भारी बारिश नदी नालों में बाढ़ जल भराव की स्थिति बनी रही पिछले 8 दिनों से बारिश न होने के साथ निकल रही तेज धूप के कारण दिन एवं रात का तापमान बढने के साथ भारी उमस परेशानी और बीमार होने का कारण बन रही है।अभी कुमार का महीना शुरू नहीं हुआ परंतु और गर्मी कुमार के महीने जैसी बनी हुई है।

क्षेत्र में व्यापक स्तर पर बासमती धान की खेती की जाती है। 15 जून के बाद जिस प्रकार बारिश होती रही उससे पिछले वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष धान की फसलों की स्थिति अच्छी बनी हुई है बारिश थमने के बाद धान की फसलों में किसानों

### धान में पानी के लिए नलकूपों का सहारा



द्वारा खाद यूरिया टानिक की तैयारी का दोष डाला जा रहा है। परंतु बारिश न होने से धान के खेतों में दरें बढ़ाना शुरू हो गई हैं।

ट्यूबवेलों का सहारा जी व्यापक स्तर पर लाखों एकड़ में बाड़ी बरेली क्षेत्र में धान की खेती की जाती है किसानों द्वारा अपनी आवश्यकता अनुसार ट्यूबवेल लगता रखें किसने की मांग पर वरना की नहरे में धन फसलों के लिए पानी छोड़ा जाता है। फिलहाल किस द्वारा ट्यूब बैलों के सहारेधान की तैयारी में पानी भरा जा रहा है परंतु धान की

### तेज गर्मी व उमस से चिंता में डूबे किसान

*8 दिनों से बारिश न होने के कारण दिन और रात का बड़ा तापमान क्षेत्र के निवासियों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। पसीने से लटपट और बिना कूलर पंखे पक्के ही नहीं कच्चे मकान में रहना कठिन हो रहा है। सावन का महीना समाप्त होने वाला है क्या रक्षाबंधन के त्योहार पर बारिश न होकर सुख और धूल उड़ती रहेगी चर्चाओं का विषय बन रहा है।*

क्यारी में भर पानी अत्यधिक गर्मी तेज धूप से तेजी से सूख रहा है

किसानों द्वारा वरना बंद की नहरे से पानी छोडऩे की मांग की जा रही है।

### नाम परिवर्तन सुचना

मै कि रूचि मोदी पुत्री श्री बाबूलाल मोदी पत्नी श्री सचिन साहू आयु 38 साल जाति साहू निवास वार्ड नं.-28 म.नं.-सी-35 अरिहंत बिहार कालोनी फेस-3 विदिशा म.प्र. । विवाह के पूर्व मेरा नाम रूचि मोदी पुत्री श्री बाबूलाल मोदी निवासी गुलाबगंज जिला विंदिशा था। मेरा विवाह दिनांक 20.06.2010 को श्री सचिन साहू पुत्र श्री श्यामलाल साहू निवासी वार्ड नं.-28 म.नं.-सी-35 अरिहंत बिहार कालोनी फेस-3 विदिशा म.प्र. के साथ सम्पन्न हुआ है। मेरा विवाह होने के पश्चात मैं श्रीमती रूचि साहू पत्नी श्री सचिन साहू के नाम से जानी व पहचानी जाती हूँ। मैं पी.एच.डी. उपाधि कर रही हूँ तथा पी.एच.डी. उपाधि में मेरा नाम रूचि मोदी के स्थान पर श्रीमती रूचि साहू पत्नी श्री सचिन साहू अंकित किया जावें।
शपथ पत्र क्रमांक CV026593



## खबर संक्षेप

### राखी बंधवाने जा रहे भाई की बीमारी से हुई मौत

**सलामतपुर।** शुक्रवार को नगर के बेरखेड़ी चौराहे के गुरुनानक ढाबे पर यात्री बस में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार विजय विक्रम ट्रेवल्स बस एमपी 19 पी 1772 बड़ोदरा (गुजरात) से पन्ना जा रही थी, जो कि रास्ते में बेरखेड़ी चोराहे स्थित ढाबे पर कुछ समय के रुकी। बस में सवार एक यात्री रामपाल पिता अर्जुन पटेल निवासी हीरापुर पन्ना की बीमारी के चलते मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर शव का पीएम कराकर शुक्रवार को शव परिजनों को सौंप दिया। बस कंडक्टर पुष्पेंद्र ने बताया कि यात्री रामपाल अपनी बहने से राखी बंधवाने अपने घर जा रहा है। रामपाल बड़ोदरा की किसी फैक्ट्री में मजदूरी का काम करता था।

### आबकारी विभाग के भृत्य ने लगाई फांसी, मौत

**रायसेन।** शहर के तालाब मोहल्ला वार्ड नंबर 9 निवासी 50 वर्षीय कीरत सिंह मेहरा पिता अमृतलाल ने बीती रात अपने ही घर में फांसी के फंदे पर झूलकर खुदकुशी कर ली। जब सुबह परिजनों ने कीरत सिंह को फांसी पर लटका देखा तो वह घबरा गए। घटना की सूचना पर कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल पुलिस बल लेकर घटना स्थल पर पहुंचे। शव का पंचनामा बनवाकर जिला अस्पताल में पीएम के लिए भेजा गया। शव का पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया। बता दें कि मृतक कीरत सिंह जिला आबकारी विभाग में भृत्य के पद पर पदस्थ था। टीआई श्री गोयल ने बताया कि मृतक लंबे समय से पाइल्स की बीमारी से पीड़ित था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी दो बेटियां और एक पुत्र है। मालूम हो कि वार्ड नंबर 9 तालाब मोहल्ले में आत्महत्या की यह दूसरी घटना है। बीते दिन ही नगर पालिका के जेसीबी चालक दैवेभो कर्मचारी मनोज लोधी ने भी आर्थिक तंगी और कर्जदार होने के कारण आत्महत्या कर ली थी।

### ग्राम पंचायत भिलाड़िया सरपंच प्रति. का निधन

**रायसेन।** जनपद पंचायत ग़ैरतगंज की ग्राम पंचायत भिलाड़िया की सरपंच ममता बाई आदिवासी के पति अवधनाराण उर्फ़ तेजू लालू पटेल का निधन हो गया। जानकारी के अनुसार बीती रात 3 बजे उज्जैन जाते समय अचानक उनकी कार का टायर फटने से पलट गई, जिससे गंभीर घायल होने से भोपाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके निवास सूरबरु में किया गया।

# रक्षाबंधन पर्व : आज बहनें अपने भाई की कलाई पर बांधेगी रक्षासूत्र

- रक्षाबंधन पर्व पर इस साल नहीं रहेगा भद्रा का दोष
- शुभ मुहूर्त में बांधी जाएगी भाईयों की कलाई पर राखिया
- सौभाग्य के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है संयोग
- मकर राशि के स्वामी शनि व सूर्य आपस में बना रहे योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भाई बहन के पवित्र रिश्ते स्नेह का पर्व रक्षाबंधन का त्योहार शनिवार को पारंपरिक उल्लास भरे माहौल में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस साल भद्रा दोष नहीं रहेगा, बल्कि शुभ मुहूर्त में दिनभर राखियां बांधी जाएंगी।

भाई-बहन के अटूट स्नेह के पर्व रक्षाबंधन पर पिछले कई वर्षों से कभी पहले तो कभी बाद में भद्रा की छाया पड़ती रही है। इस बार रक्षाबंधन का पूरी तरह भद्रा से मुक्त रहेगा। आज शनिवार को पर्व पर श्रवण नक्षत्र व सौभाग्य योग के साथ सर्वार्थ सिद्धि और बुध-आदित्य योग का शुभ संयोग बन रहा है। यह संयोग पिछले 7 वर्ष बाद देखने को मिल रहा है।



धर्माधिकारी पंडित ओमप्रकाश शुक्ला पंडित राममोहन चतुर्वेदी के अनुसार पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त शुक्रवार को दिन में 2.12 बजे से 9 अगस्त शनिवार को दोपहर 1.24 तक रहेगी। उदयातिथि व तीन मुहूर्त से अधिक उदय काल व्यापिनी श्रावण पूर्णिमा होने के कारण 9 अगस्त को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन पर्व के दिन मकर राशि के स्वामी शनि व सूर्य आपस में समसप्तक योग बना रहे हैं। इसी प्रकार पर्व पर शनि, मीन व सूर्य ये तीनों राशियां कर्क राशि में रहेंगी। यह संयोग 29 साल बाद बन रहा है।

### श्रवण नक्षत्र का समय...

श्रवण नक्षत्र 8 अगस्त को दोपहर 2.28 बजे से 9 अगस्त शनिवार को दिन में दोपहर 2.23 बजे तक रहेगा। सावन महीने की पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र का समय अति महत्वपूर्ण माना गया है।

### मुहूर्त की ये घड़ी महत्वपूर्ण

*इस बार 8 अगस्त शुक्रवार को दोपहर 2.12 बजे से रात्रि में 1.52 बजे तक भद्रा रहेगी। इस तरह 9 अगस्त शनिवार को रक्षाबंधन के दिन इस बार भद्रा नहीं रहेगी। इस स्थिति में बहनें सुबह 7.30 बजे से 9 बजे के बीच भगवान को राखी अर्पित करें। इसके बाद भाइयों को राखी बांधे। इस समय शनि और मंगल के आमने-सामने रहने से नमम पंचम योग बन रहा है। साथ ही शनि स्थान बदल कर मीन राशि में और मंगल स्थान बदलते हुए सिंह राशि छोड़कर कन्या राशि में जाएंगे। इससे भी भाई-बहन के संबंध के बीच आने वाली बाधाएं दूर होंगी।*

## सीएम ने कहा – स्थानीय युवाओं के हाथों को मिलेगा रोजगार, उद्योगों की आएगी क्रांति

# औद्योगिक विकास में रायसेन के तामोट ने अभूतपूर्व प्रगति की है : सीएम यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

आज का दिन हमारे रायसेन और प्रदेश के औद्योगिक तथा आर्थिक विकास की दिशा में एक और मील का पत्थर साबित हो रहा है। यहां 300 करोड़ रू लागत से 12 हेक्टेयर में 6 नवीन औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन हुआ है और 116 करोड़ रू लागत की 6 इकाईयों का लोकार्पण हुआ है जिनमें हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। साथ ही 187 करोड़ रू के लागत से 3 इकाईयों के लिए आशय पत्र भी वितरित किए।

भूमिपूजन और शिलान्यास सिर्फ कार्यक्रम नहीं होते, यह नए सपनों, नए अवसरों और एक समृद्ध मध्यप्रदेश की नींव रखते हैं। यह युवाओं के भविष्य को आकार देने वाला क्षण होता है जो रोजगार, कौशल और आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ रहे हैं। यह विचार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रायसेन जिले के औद्योगिक क्षेत्र प्लास्टिक पार्क तामोट में औद्योगिक इकाईयों का शिलान्यास, लोकार्पण और आशय पत्र वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए।

इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन तथा एमएसएमई प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह, कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, एसपी पंकज पाण्डे सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

### सीएम ने बहनों को दी बधाई

सीएम डॉ मोहन यादव ने कार्यक्रम से पूर्व बहनों से मुलाकात की, जहां बहनों ने सीएम यादव की कलाई पर रक्षासूत्र बांध कर आशीर्वाद दिया। सीएम यादव ने भी रक्षाबंधन पर्व की बधाई देते हुए कहा कि बहनें चिंता न करें प्रदेश की डॉ मोहन यादव सरकार सुख दुख में आपके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री आपको यह वचन देता है कि किसी के बहकावे में न आएं, लाड़ली बहनों की राशि लगातार खाते में आती रहेगी एवं राशि को बढ़ाया जाएगा, जो आगे निरंतर आती रहेगी।

» मुख्यमंत्री ने तामोट में 416 करोड़ रुपए की औद्योगिक इकाइयों का शिलान्यास और लोकार्पण किया, साथ ही आशय पत्र वितरित किए

**खास बातें**

- आत्मनिर्भरता, रोजगार और समृद्धि के लिए की जा रही नए उद्योगों की स्थापना- मुख्यमंत्री
- औद्योगिक इकाइयां नए अवसरों और समृद्ध मप्र की नींव रखते हैं- मुख्यमंत्री डॉ यादव
- 300 करोड़ रू लागत से 12 हैक्टेयर में 06 नवीन औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन हुआ।
- 116 करोड़ रू लागत की 06 इकाइयों का लोकार्पण हुआ, युवाओं को मिलेगा रोजगार





### हर घर तिरंगा के तहत यात्रा को दिखाई हरी झंडी

*मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा रायसेन जिले के औद्योगिक क्षेत्र तामोट में "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने तिरंगा यात्रा में शामिल बच्चों पर पुष्प वर्षा भी की। मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा तामोट औद्योगिक क्षेत्र स्थित सागर मैन्युफैक्चरर प्राइवेट लिमिटेड की इकाई का भी भ्रमण किया गया तथा यहां आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की गई। इस अवसर पर उन्होंने प्लांट में कार्यरत बहनों से राखी बंधवाई और उपहार भेंट किए। इस अवसर पर स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा तथा भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा भी साथ रहे।*

### सीएम ने कहा - अलग-अलग शहरों में उद्योगों की स्थापना के लिए रोड शो आयोजित कर निवेशकों को आकर्षित किया

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि औद्योगिक विकास किसी भी राज्य की आर्थिक शक्ति का प्रमुख आधार होता हैं मध्यप्रदेश ने विगत कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास को धरातल पर उतारने के सतत प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने देश के अलग-अलग शहरों में उद्योगों की स्थापना के लिए रोड शो आयोजित कर निवेशकों को आकर्षित किया है। संभाग स्तर पर भी इंवेस्टर्स समिट की गई। आजादी के बाद पहली बार नर्मदापुरम, सागर, रीवा, जबलपुर, ग्वालियर में इंवेस्टर्स समिट की गई। इसके अलावा प्रदेश में पहली बार भोपाल में जीआईएस समिट का आयोजन हुआ जिसका शुभारंभ यशस्वती प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुभारंभ किया। राज्य सरकार भारत ही नहीं यूके, दुबई, स्पेन, जर्मनी, जापान सहित अनेक देशों से निवेश लेकर आई हैं।

### विधायक पटवा ने कहा - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज दुनिया में भारत का नाम हो रहा

भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा ने कहा कि विगत डेढ़ वर्ष में प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में औद्योगिक विकास के लिए तीव्र गति से काम हुआ है। हमारे मध्यप्रदेश को देश में पहले स्थान पर पहुंचाना है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भारतीय संस्कृति, परम्परा, रीति-रिवाजों के साथ ही औद्योगिक विकास को आगे बढ़ाया है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज दुनिया में भारत का नाम हो रहा है। पहले हम 11वीं अर्थव्यवस्था थे और आज तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हमारे मध्यप्रदेश का बजट चार लाख 21 हजार करोड़ का बजट आया। एक लाख 52 हजार के लगभग प्रति व्यक्ति आय है। यह सब औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार और विकास से ही संभव हुआ है।

### इन औद्योगिक इकाइयों का किया भूमिपूजन

- मेसर्स जेबीएम ऑटो तामोट ऑटो पार्टस
- मेसर्स श्री बालाजी रोटोपैक मंडीदीप पैकेजिंग
- मेसर्स पोलीहोज इंडिया लि. तामोट ऑटो पार्टस
- मेसर्स श्री बालाजी माइक्रो प्रिसीशन प्रा.लि. मंडीदीप इंजीनियरिंग
- मेसर्स ओम टेलिकॉम लॉजिस्टिक्स बगरोदा लोजिस्टिक्स
- भंवरदीप कॉपर स्ट्रीप्स प्रा.लि. मंडीदीप उच्च परिशुद्धता तांबे के प्लेट

### इनका लोकार्पण...

- मेसर्स टेकफेब इंडिया प्रा.लि. मंडीदीप
- मेसर्स मेजेस्टिक बासमती राइस मंडीदीप
- मेसर्स धाकड़ इंजीनियरिंग सर्विस मंडीदीप
- मेसर्स वीयरटेक इंजीनियर्स मंडीदीप
- मेसर्स इसान इंडस्ट्रीज मंडीदीप
- मेसर्स कनेक्ट वाइड मंडीदीप

# पुलिस की छापेमार कार्रवाई से व्यापारियों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांची

थाना सांची में थाना प्रभारी के बदलते ही सांची के अवैध कारोबारियों में हलचल सी मचने लगी है आए दिन पुलिस के द्वारा होटलों और सटोरियों तथा जुंआरियों और ब्लैक में बेची जा रही अवैध शराब पर छापे मार कार्यवाही से सभी अवैध कारोबारी दुबकर बैठे हुए हैं।

वही थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी भी पूर्ण रूप से मन बना कर बैठे हैं की सांची में जो कई वर्षों से पनप रहे अवैध कारोबारों को सांची से हटाने की पूरी कोशिश की जाएगी क्योंकि सांची में यह अवैध कारोबार बहुत




पुराना हो गया है और इसके हाथ भी लंबे हो गए हैं। वही बाहर से आए गुंडे बदमाशों को भी सख्त हिदायत थाना प्रभारी द्वारा दी गई है कि यदि किसी भी बाहर का बदमाश व्यक्ति होटलों पर या किसी अन्य अनैतिक गतिविधियों में पाया जाता है तो उसे पर और होटल संचालक पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। सांची में विदिशा से आनेवाले बदमाश किस्म के लोग सांची में आकर अनैतिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं और वातावरण को दूषित करते हैं। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### इनका कहना है

सांची में हो रहे अवैध कारोबार को रोकने के लिए हम पूरी कोशिश करेंगे और दूसरी जगह से आए हुए गुंडे-बदमाशों पर सख्त कार्रवाई करेंगे।
**- जेपी त्रिपाठी,** थाना प्रभारी सांची

# नौनिहालों ने राखी बनाकर दिया स्वदेशी अपनाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

स्वदेशी वस्तुओं का अधिकाधिक वस्तुओं का उपयोग किया जाए इस संदेश को आम जन तक पहुंचाने तथा उन्हें जागरुक करने को लेकर नगर के ज्ञान सागर मिडिल स्कूल में नौनिहालों ने स्वदेशी वस्तुओं से राखी का निर्माण किया। यहां पर बड़ी संख्या में स्कूली नौनिहाल उपस्थित रहे।

ज्ञान सागर मिडिल स्कूल सिलवानी में राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा स्वदेशी वस्तुओं से रंग बिरंगी स्वदेशी राखियां का निर्माण किया। प्रतियोगिता के दौरान बेहतर राखी बनाने वाले प्रतिभागियो को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार देकर



पुरुष्कृत किया गया। यहां पर मौजूद संस्था संचालक प्रदीप कुशवाहा ने राखी के महत्व को बताया गया एवं पालकों से निवेदन किया है कि घर में स्वदेशी राखियां ही उपयोग में लाई जाए। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### संस्कृत सप्ताह के दौरान सांदीपनि स्कूल में छात्राओं ने बनाई आकर्षक रंगोली

**सिलवानी।** नगर के स्वतत्रंता संग्राम सेनानी सेठ अमरचंद्र समैया शासकीय सांदीपनि विद्यालय में संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा हैं। प्रतिदिन विविध कार्यक्रम आयोजित किएजा रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को रंगोली बनाओ उप्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में अनेक छात्राओ ने सहभागिता कर आकर्षक रंगोली बनाई। आज संस्कृत भारती के अंतर्गत संस्कृत शिक्षक नियम जैन शास्त्री के निर्देशन में कक्षा दसवीं के छात्र यूपेश पुरी के द्वारा श्लोक पाठ का गायन किया गया । यहां पर विद्यार्थियों के द्वारा रक्षा बंधन पर्व की शुभकामना दी गई। तथा छात्राओं के द्वारा मेंहदी एवं रंगोली सजाई गई। यहां पर विद्यार्थी व शिक्षक मौजूद रहें।

## छात्र नेताओं ने किया स्कूल में हंगामा, मौके पर पहुंची पुलिस

# शासन के कोर्स से हटकर पढ़ाई, अभाविप ने जताया विराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के वार्ड नंबर 3 मढ़ईपुरा स्थित बेवी कॉन्वेंट स्कूली में शासन द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम की किताबों से हटकर बच्चों को 'क से काबा' और 'म से मस्जिद' व 'न से नमाज', औ से औरत हिजाब पढ़ाया जा रहा था। इस बात की सूचना जब बच्चों ने अपने परिजनों को बताई तो शुक्रवार की दोपहर को अभिभावक और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्कूल पहुंचकर विरोध जताया तथा हंगामा किया।

मौके पर कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल और अन्य अधिकारी पहुंचे, जिन्होंने बातचीत कर अभिभावक एवं छात्र नेताओं को समझाइश देकर थाने और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवेदन देकर औपचारिक शिकायत करने की सलाह दी।

बच्चों के पेरेंट्स और कार्यकर्ताओं ने इस पढ़ाई सामग्री को सनातन संस्कृति के खिलाफ बताया। इस दौरान प्राचार्य ने कहा कि 'म से मस्जिद के साथ 'म से मंदिर' भी पढ़ाया जा



सकता है'। इस पर कार्यकर्ता और भड़क गए। कार्यकर्ताओं ने स्कूल की मान्यता रद्द करने की मांग करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक को फोन पर शिकायत दर्ज कराई।

यह मामला तब सामने आया जब स्कूल की नर्सरी कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा के चाचा ने उसकी किताबें देखी। उन्होंने 'क से कबूतर' की जगह 'क से काबा', 'म से मछली' की जगह 'म से मस्जिद' और 'न से नल' की जगह 'न से नमाज' लिखा था। इस पर परिजनों ने आपत्ति जताई और इस बात की जानकारी एबीवीपी को दी, जिससे मामला गरमा गया।

### स्कूल की मान्यता रद्द करने लिखेंगे पत्र

इस टाइप का कोई पट्टी पहाड़ा है तो उसे जब्त कर जांच कराई जाएगी। स्कूल की मान्यता रद्द करने के लिए जेडी को पत्र लिखेंगे।
**- डीडी रजक,** जिला शिक्षा अधिकारी रायसेन।

### एबीवीपी ने कहा- बच्चों को भ्रमित किया जा रहा

*प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अश्विनी पटेल ने आरोप लगाया कि यह हिंदू संस्कृति और सनातन परंपरा के खिलाफ एक षड़यंत्र है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को इस तरह की सामग्री पढ़ाकर भ्रमित किया जा रहा है। हमने तो बचपन में 'क से कबूतर' और 'म से मछली' पढ़ा था। यह बदलाव अस्वीकार्य है।*

### प्राचार्य ने कहा- भोपाल से मंगवाया किताबों का सेट

*स्कूल की प्राचार्य ईए कुरैशी ने कहा कि उन्होंने किताब की सामग्री पहले नहीं जांची थी। यह 'पट्टी पहाड़ा' भोपाल से मंगवाया गया था। इसका उपयोग केवल एक ही छात्र के लिए किया गया था। प्राचार्य ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी की भावना को ठेस पहुंचाना नहीं था। वे 30 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं।*

# श्रावण महोत्सव: कन्हैया गान की तान पर युवा कर रहे 'लहंगी नृत्य'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

बारनांचल क्षेत्र बाड़ी के कस्बा सहित गांवों में इन दिनों परंपरागत लोकनृत्य लहंगी की धूम मची हुई है। प्रतिदिन किसी न किसी क्षेत्र में लहंगी उत्सव आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार को शिवमंदिर प्रांगण पाल मोहल्ला बाड़ी में लहंगी श्रवण महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सभी समाज के लोग शामिल हुए।

नगर परिषद के पूर्व पार्षद ब्रजमोहन गौर ने बताया कि अच्छी फसल और लोकदेवता को खुश करने के साथ किसानों के आनंदित ओर प्रमोदित होने का लोक पर्व लहंगी बारनांचल क्षेत्र के लोगों का एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक लोक नृत्य है। यह नृत्य बहुत कुछ डांडिया की तरह ही दिखने वाला गांव-देहात क्षेत्र के जनजातीय संस्कृति का जीवंत नाच है। पिछले 5-7 वर्षो से यह लुप्त सा हो गया था। किंतु अब फिर से युवाओं में लहंगी नाच के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

यह प्रमुख रूप से जनजातियों समूहों के लोगों द्वारा श्रावण महोत्सव जन्माष्ठमी तक बड़े उत्साह के साथ खेला जाता है साथ ही अनरेय बाले परिवार में जाकर लहंगी लोकनृत्य कर अनरेय की रस्म निभाई जाती है। लहंगी मंदिरों के आगे स्थित मैदान में खेला जाता है।

